भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1820

29 जुलाई, 2026 के लिए प्रश्न

गेहूं का औसत मंडी मूल्य

1820. श्रीमती हरसिमरत कौर बादल:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि मई 2026 की स्थिति के अनुसार पंजाब में गेहूं का औसत मंडी मूल्य, 2,585 रुपये प्रति क्विंटल के अधिसूचित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम 2,479 रुपये प्रति क्विंटल था तथा धान के मूल्य भी एमएसपी से 4.8% कम दर्ज किए गए जिससे हजारों किसान संकट में आ गए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि बेमौसम हुई बारिश के कारण गुणवत्ता संबंधी समस्याओं की वजह से रबी विपणन सीजन 2026-27 के लिए अप्रैल 2026 के पहले पखवाड़े में पंजाब में गेहूं की खरीद में 69% की गिरावट आई थी;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान पंजाब में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों यानी गेहूं, धान, मूंग, अरहर, मक्का और सरसों के लिए एमएसपी के तहत अधिसूचित मूल्यों और औसत मंडी में प्राप्त मूल्यों के बीच के अंतर के ब्यौरे का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या निजी व्यापारियों द्वारा एमएसपी से कम पर किए जाने वाले लेन-देन के खिलाफ दंडात्मक प्रावधानों सहित सभी मंडियों में किसानों को एमएसपी की न्यूनतम मूल्य के रूप में कानूनी रूप से गारंटी प्रदान करने के लिए कोई तंत्र मौजूद है; और

(ड.) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क): पंजाब में सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं और धान की खरीद भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जाती है। रबी विपणन मौसम (आरएमएस) 2026-27 के दौरान, सरकारी एजेंसियों ने गेहूं की खरीद 2,585 रुपये प्रति क्विंटल की एमएसपी दर पर की। मई 2026 में पंजाब में गेहूं का औसत मंडी मूल्य 2,597 रुपये प्रति क्विंटल था, जो अधिसूचित एमएसपी से अधिक था।

.....2/-

वर्ष 2025 में पंजाब में धान का औसत मंडी मूल्य 2,389 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया, जो धान के एमएसपी से अधिक था।

(ख): अप्रैल 2026 के पहले पखवाड़े के दौरान 2.47 लाख टन गेहूं की खरीद हुई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में हुई 3.23 लाख टन की खरीद से 23% कम थी। इसके बाद, पंजाब के किसानों के हित में, भारत सरकार ने दिनांक 17 अप्रैल, 2026 को आरएमएस 2026-27 के लिए गेहूं के विनिर्देशों में छूट दी ताकि वर्षा से प्रभावित गेहूं की समय पर खरीद सुनिश्चित की जा सके।

(ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान पंजाब में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी अधिसूचित मूल्यों और औसत मंडी वसूली मूल्यों के बीच अंतर का वर्ष-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(घ) और (ङ): भारत सरकार प्रतिवर्ष कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की अनुशंसाओं के आधार पर, संबंधित राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के विचारों को ध्यान में रखते हुए, पूरे देश के लिए 22 अनिवार्य कृषि फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित करती है। इन 22 अनिवार्य फसलों में 14 खरीफ फसलें जैसे धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, नाइजरसीड और कपास शामिल हैं तथा 6 रबी फसलें, जैसे गेहूं, जौ, चना, मसूर, सरसों, कुसुम और दो वाणिज्यिक फसलें, जैसे जूट और खोपरा शामिल हैं।

एमएसपी की सिफारिश करते समय, सीएसीपी उत्पादन लागत, समग्र मांग-आपूर्ति की स्थिति, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मूल्यों, फसलों के बीच मूल्य समानता, कृषि और गैर-कृषि क्षेत्रों के बीच व्यापार की शर्तें, शेष अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण कारकों पर विचार करता है, साथ ही भूमि, जल और अन्य उत्पादन संसाधनों के तर्कसंगत उपयोग को सुनिश्चित करता है।

सरकार ने वर्ष 2018-19 के केंद्रीय बजट में उत्पादन लागत के न्यूनतम डेढ़ गुना के बराबर एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) को पूर्व-निर्धारित सिद्धांत के रूप में निर्धारित किया था। तदनुसार, सभी अनिवार्य खरीफ, रबी और अन्य वाणिज्यिक फसलों के लिए एमएसपी उत्पादन की भारित औसत लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक निर्धारित की गई है।

सरकार की मूल्य नीति का उद्देश्य किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर उनकी उपज खरीदकर लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना है। तथापि, किसान अपनी उपज को सरकारी खरीद एजेंसियों को एमएसपी पर या खुले बाजार में, जो भी उनके लिए लाभदायक हो, बेचने के लिए स्वतंत्र हैं।

******

अनुबंध

लोकसभा में दिनांक 29-07-2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1820 के उत्तर के भाग (ग) में उल्लिखित अनुबंध।

गेहूं:

दिनांक 01 जनवरी 2021 से 20 जुलाई 2026 तक पंजाब में गेहूं की वर्ष-वार रिपोर्ट								
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**वस्तु समूह**	**वस्तु**	**वर्ष**	**एमएसपी**	**आगमन मात्रा (टन में)**	**न्यूनतम मूल्य (रुपये/क्विंटल में)**	**माडल मूल्य (रुपये/क्विटल में)**	**अधिकतम मूल्य (रुपये/क्विटल में)**
पंजाब	अनाज	गेहूं	2021	1,975	7,670,099.25	1,974	1,975	1,976
पंजाब	अनाज	गेहूं	2022	2,015	4,499,525.72	2,015	2,015	2,019
पंजाब	अनाज	गेहूं	2023	2,125	5,087,793.80	2,125	2,126	2,125
पंजाब	अनाज	गेहूं	2024	2,275	5,891,119.48	2,276	2,276	2,275
पंजाब	अनाज	गेहूं	2025	2,425	4,555,525.17	2,424	2,425	2,419
पंजाब	अनाज	गेहूं	2026	2,585	5,296,617.18	2,624	2,628	2,632

स्रोत: एगमार्कनेट पोर्टल पर एपीएमसी बाजार नोड्स द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार

धान (सामान्य):

दिनांक 01 जनवरी 2021 से 20 जुलाई 2026 तक पंजाब में धान(सामान्य) वर्ष-वार रिपोर्ट								
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**वस्तु समूह**	**वस्तु**	**वर्ष**	**एमएसपी**	**आगमन मात्रा (टन में)**	**न्यूनतम मूल्य (रुपये/क्विंटल में)**	**माडल मूल्य (रुपये/क्विटल में)**	**अधिकतम मूल्य (रुपये/क्विटल में)**
पंजाब	अनाज	धान(सामान्य)	2021	1,940	7,335,772.34	1,960	1,960	1,961
पंजाब	अनाज	धान(सामान्य)	2022	2,040	6,345,807.17	2,061	2,062	2,063
पंजाब	अनाज	धान(सामान्य)	2023	2,183	6,290,092.97	2,204	2,204	2,205
पंजाब	अनाज	धान(सामान्य)	2024	2,300	7,094,721.57	2,322	2,328	2,332
पंजाब	अनाज	धान(सामान्य)	2025	2,369	6,645,814.55	2,388	2,389	2,387

स्रोत: एगमार्कनेट पोर्टल पर एपीएमसी बाजार नोड्स द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार

ग्रीनग्राम (मूंग):

दिनांक 01 जनवरी 2021 से 20 जुलाई 2026 तक पंजाब में मूंग (साबुत) का वर्षवार विवरण								
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**वस्तु समूह**	**वस्तु**	**वर्ष**	**एमएसपी**	**आगमन मात्रा (टन में)**	**न्यूनतम मूल्य (रुपये/क्विंटल में)**	**माडल मूल्य (रुपये/क्विटल में)**	**अधिकतम मूल्य (रुपये/क्विटल में)**
पंजाब	दलहन	साबुत मूंग	2022	7,755	4,426.00	4,328	5,522	7,275
पंजाब	दलहन	साबुत मूंग	2023	8,558	8,548.40	4,358	6,607	7,136
पंजाब	दलहन	साबुत मूंग	2024	8,682	5,381.56	5,341	6,789	7,366
पंजाब	दलहन	साबुत मूंग	2025	8,768	4,614.32	5,500	6,236	6,736
पंजाब	दलहन	साबुत मूंग	2026	8,768	2,314.50	4,912	7,336	7,601

स्रोत: एगमार्कनेट पोर्टल पर एपीएमसी बाजार नोड्स द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार

...2/-

साबुत लाल चना अरहर:

दिनांक 01 जनवरी 2021 से 20 जुलाई 2026 तक पंजाब में अरहर (साबुत) का वर्षवार विवरण								
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	वस्तु समूह	वस्तु	वर्ष	एमएसपी	आगमन मात्रा (टन में)	न्यूनतम मूल्य (रुपये/क्विंटल में)	माडल मूल्य (रुपये/क्विटल में)	अधिकतम मूल्य (रुपये/क्विटल में)
पंजाब	दलहन	लाल चना/अरहर/तुर (साबुत)	2021	6,300	23.70	1,960	1,960	1,960
पंजाब	दलहन	लाल चना/अरहर/तुर (साबुत)	2022	6,600	7.70	2,060	2,060	2,060

स्रोत: एगमार्कनेट पोर्टल पर एपीएमसी बाजार नोइस द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार

मक्का:

दिनांक 01 जनवरी 2021 से 20 जुलाई 2026 तक पंजाब में मक्का का वर्षवार विवरण								
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	वस्तु समूह	वस्तु	वर्ष	एमएसपी	आगमन मात्रा (टन में)	न्यूनतम मूल्य (रुपये/क्विंटल में)	माडल मूल्य (रुपये/क्विटल में)	अधिकतम मूल्य (रुपये/क्विटल में)
पंजाब	अनाज	मक्का	2021	1,870	35,397.18	1,349	1,497	1,530
पंजाब	अनाज	मक्का	2022	1,962	80,639.28	1,482	1,706	1,891
पंजाब	अनाज	मक्का	2023	2,090	131,462.28	1,181	1,432	1,637
पंजाब	अनाज	मक्का	2024	2,225	245,872.05	1,859	2,115	2,267
पंजाब	अनाज	मक्का	2025	2,400	150,762.50	1,626	1,987	2,144
पंजाब	अनाज	मक्का	2026	2,400	183,076.69	1,600	1,867	2,120

स्रोत: एगमार्कनेट पोर्टल पर एपीएमसी बाजार नोइस द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार

सरसों:

पंजाब-सरसों का वर्षवार विवरण										
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	वस्तु समूह	वस्तु	वर्ष	एमएसपी	आगमन मात्रा 01-01-2021 से 20-07-2026 तक	आगमन इकाई	न्यूनतम मूल्य 01-01-2021 से 20-07-2026 तक	मॉडल मूल्य 01-01-2021 से 20-07-2026 तक	अधिकतम मूल्य 01-01-2021 से 20-07-2026 तक	मूल्य इकाई
पंजाब	तिलहन	सरसों	2022	5,050	179.75	टन	5,746	5,959	6,122	रुपए/क्विंटल
पंजाब	तिलहन	सरसों	2023	5,450	236.40	टन	4,790	4,956	5,135	रुपए/क्विंटल
पंजाब	तिलहन	सरसों	2024	5,650	1,628.01	टन	4,600	5,186	5,461	रुपए/क्विंटल
पंजाब	तिलहन	सरसों	2025	5,950	3,568.27	टन	5,509	5,704	5,864	रुपए/क्विंटल
पंजाब	तिलहन	सरसों	2026	6,200	1,188.19	टन	6,454	6,586	6,745	रुपए/क्विंटल

स्रोत: एगमार्कनेट पोर्टल पर एपीएमसी बाजार नोइस द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार

*****